आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



### चुनाव आयोग का निर्देश, राजनीतिक दल हर हाल में सौंपें बूथ लेवल एजेंट की सूची

# राजनीतिक दल बूथवार अपने बूथ लेवल एजेंट अवश्य नियुक्त करें : के रवि कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चुनाव आयोग ने सभी राजनीतिक दलों को बूथवार कमेटी बनाकर सूची सौंपने का निर्देश दिया है। 27 मार्च को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में राजनीतिक दलों की बैठक हुई। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार की मौजूदगी में हुई इस बैठक में राजनीतिक दलों के द्वारा कई सुझाव भी दिये गये। राजनीतिक दलों के सुझाव पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने भरोसा देते हुए कहा कि वर्तमान कानूनी प्रावधानों के अनुसार मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के द्वारा दिये गये सुझावों पर क्रियान्वयन के लिए कार्य किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि बैठक में खास तौर पर मतदान केंद्रों के रिलोकेशन को कम करते हुए इसे शून्य करने की दिशा में सुझाव प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा ऐसे मतदाताओं का नाम नजदीकी मतदान केंद्रों की मतदाता सूची में अंकित करने का सुझाव दिया गया, जिनके नजदीक में मतदान केंद्र होते हुए भी उन्हें दूर के मतदान केंद्र पर अपने मत का प्रयोग करने के लिए जाना पड़ता है। इन सभी सुझावों पर आयोग गंभीरता से विचार करते हुए कदम उठायेगा।



## बीएलओ के कार्य में सहयोग करें

बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि राजनीतिक दलों के जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे बूथ लेवल एजेंट के चुनाव संबंधी ज्ञान संवर्धन एवं उनके द्वारा बीएलओ के कार्य में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल बूथवार अपने बूथ लेवल एजेंट अवश्य नियुक्त कर लें। साथ ही चुनाव आयोग द्वारा बताये गये दिशा-निर्देशों से उन्हें ससमय अवगत भी कराते रहें। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनाव एवं उसके उपरांत मतदाताओं एवं जमीनी स्तर पर राजनीतिक दलों के अनुभवों को भी जाना। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं इआरओ द्वारा भी अपने-अपने स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक की जा रही है। इस बैठक में आयोग के संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार के अलावा सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहित निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।




गुरुवार को झारखंड विधानसभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विभिन्न सरना समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने प्राकृतिक महापर्व सरहुल शोभायात्रा में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी ओर से प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को सरहुल पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से सरहुल पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाली शोभायात्रा की तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली तथा विश्वास जताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरहुल पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा।

### रिश्वतखोरी मामले में इडी का पुलिस पर आरोप, कहा

# गलत तरीके से 2 लोगों को हिरासत में रखा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** करीब छह करोड़ की रिश्वतखोरी मामले में इडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने रांची पुलिस पर दो लोगों को गलत तरीके से हिरासत में लेने का आरोप लगाया है। इस आरोप के बाद सरकार ने इडी द्वारा लगाए गए मौखिक आरोपों को खारिज करते हुए इसे लिखित तौर पर सबूत के साथ पेश करने की बात कही है। इस पर न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 24 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। कथित रिश्वतखोरी के आरोपों की सीबीआई जांच की मांग को लेकर इडी की ओर से दायर याचिका पर गुरुवार को न्यायाधीश ए.के. चौधरी की अदालत में सुनवाई होनी थी। इस दौरान इडी ने अपने अफसरों के खिलाफ फर्जी सबूत जुटाने के उद्देश्य से पुलिस पर दो लोगों को अनाधिकृत रूप से हिरासत में रखने का आरोप लगाया।सरकार की ओर से इस आरोप का विरोध किया गया और कहा गया कि बिना लिखित और ठोस सबूत के इन आरोपों का कोई औचित्य नहीं है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले इडी ने सीबीआई जांच की मांग से जुड़ी याचिका में पुलिस पर इस तरह के आरोप लगाए थे।

इडी की ओर से दायर याचिका में यह कहा गया है कि पुलिस ने अधिवक्ता सुजीत कुमार और संजीव कुमार पांडेय को गलत तरीके से हिरासत में रखा, ताकि इडी के खिलाफ सबूत जुटाए जा सकें। इडी का आरोप है कि 9 अक्टूबर 2024 को पुलिस ने सुजीत कुमार की स्कॉर्पियो और दोनों के मोबाइल फोन को जब्त किया। इडी की जांच में पता चला कि सुजीत की स्कॉर्पियो में जीपीएस लगा हुआ था और उस जीपीएस के डेटा से यह पुष्टि हुई कि गाड़ी 5 अक्टूबर 2024 से पंडरा थाने में खड़ी थी। इसके अलावा, पुलिस ने स्कॉर्पियो से एक डायरी जब्त करने का दावा किया, जिसमें यह उल्लेख था कि इडी के अफसरों को कांके के अंचल अधिकारियों को बचाने के नाम पर पैसा दिया गया था। इडी ने अपनी जांच में पाया कि पुलिस द्वारा जब्त किए गए दोनों फोन का लोकेशन अलग-अलग स्थानों पर था, और यह साबित हुआ कि पुलिस ने संजीव कुमार पांडेय को 5 अक्टूबर 2024 से 17 अक्टूबर 2024 तक और सुजीत कुमार को 6 अक्टूबर 2024 से 17 अक्टूबर 2024 तक गलत तरीके से हिरासत में रखा था।

# बोकारो स्टील सिटी स्टेशन का अमृत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** बोकारो स्टील सिटी स्टेशन भारतीय रेलवे के माल परिवहन और यात्री परिवहन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैए क्योंकि यह देश के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में से एक को सेवाएं प्रदान करता है। इस स्टेशन को भारतीय रेलवे द्वारा श्अमृत स्टेशन योजनाश् के तहत चयनित किया गया है और इसे एक विश्वस्तरीय स्टेशन के रूप में पुनर्विकसित किया जाएगा। दक्षिण पूर्व रेलवे के पश्चिम बंगालए झारखंड और ओडिशा राज्यों में इसके चारों मंडलों के तहत कुल 72 स्टेशनों को इस योजना के तहत पुनर्विकास के लिए चुना गया है। बोकारो स्टील सिटी दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल का एक प्रमुख स्टेशन है। यह बोकारो और इसके आस.पास के क्षेत्र की सेवा करता हैए जो खनिज संसाधनों से भरपूर है। यह स्टेशन बड़ी संख्या में यात्रियों को सेवाएं प्रदान करता है और महत्वपूर्ण रेल नेटवर्क से जुड़ा हुआ है। बोकारो स्टील प्लांटए तापीय विद्युत संयंत्रए सीमेंट कारखाने आदि जैसे बड़े उद्योगों से घिरा हुआ है और यहां एक बड़ा माल लोडिंग यार्ड भी स्थित है। स्टेशन भवन को एक अद्वितीय और आधुनिक शैली में बनाया जाएगा। स्टेशन प्लाजा में पर्याप्त पार्किंग सुविधाएं और मल्टी.मोडल इंटीग्रेशन के साथ सुगम यातायात प्रवाह सुनिश्चित किया जाएगा। विशाल कॉन्कोर्स के साथ विश्वस्तरीय सुविधाएं और यात्री सुविधाओं का निर्माण किया जाएगाए जिसमें रिटेल स्पेसए कैफेटेरियाए आरामदायक प्रतीक्षालयए कार्यकारी लाउंज आदि शामिल होंगे। स्टेशन में बेहतर यात्री सूचना प्रणालीए साइनज और डिजिटल डिस्प्ले सहित यात्रा संबंधित सभी प्रकार की जानकारी उपलब्ध होगी। स्टेशन में यात्रियों की सुविधा के लिए फुट ओवरब्रिजए लिफ्ट और एस्केलेटर होंगे। इसके अतिरिक्तए स्टेशन पर दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएंए मुफ्त वाई.फाई अग्निशमन व्यवस्थाए और एक स्टेशन एक उत्पादश कियोस्क जैसे स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने वाले सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

वर्तमान मेंए स्टेशन के सामने का विकास कार्यए वीआईपी लाउंजए दो.पहिया और चार.पहिया पार्किंगए कॉन्कोर्स क्षेत्रए प्रवेश और निकासी द्वारए मौजूदा फुट ओवरब्रिज पर स्क्रीन सुरक्षाए परिसंचलन क्षेत्रए निगरानी कक्षए विद्युत उप.स्टेशन भवन और अन्य बुनियादी ढांचे कार्य पूरा हो चुके हैं। बाकी विकास कार्यों को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगाए जिससे रेल संचालन में न्यूनतम व्यवधान होगा और यात्री अनुभव को बढ़ाया जा सकेगा।

बोकारो स्टील सिटी स्टेशन अपनी संरचना में एक बड़े परिवर्तन से गुजरने के लिए तैयार हैए ताकि बुनियादी ढांचे का उन्नयन किया जा सके और यात्रियों के अनुभव और आराम में सुधार किया जा सके।




### बाकी परियोजनाओं में शामिल है

- प्लेटफार्म शेड की छत पर फॉल्स सीलिंग ;मौजूदा फुट ओवरब्रिज से नए फुट ओवरब्रिज तकद्ध
- द्वितीय श्रेणी का प्रतीक्षालय
- जीआरपी कार्यालय
- नया 12 मीटर फुट ओवरब्रिज
- परिसंचलन क्षेत्र सड़क
- उद्यान विकास कार्य आदि

# सेंट जेवियर्स कॉलेज के छात्रों ने वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची के छात्रों ने आइआइटी धनबाद द्वारा 22-23 मार्च को आयोजित पराक्रम 2025 वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर दो स्वर्ण समेत तीन पदक जीते। इसमें 62 किलोग्राम वर्ग में दीपक कुमार चंद्रवंशी ने कुल 400 किग्रा वजन उठाया, तो 80 किलोग्राम वर्ग में आयुष कुमार ने कुल 462.5 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। 80 किलोग्राम वर्ग में मानस जायसवाल ने कुल 570 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। इस प्रतियोगिता में कोच प्रकाश सिंह के मार्गदर्शन में छात्रों ने भाग लिया। कॉलेज में पुरस्कार विजेता छात्रों ने प्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे से मिलकर अपनी उपलब्धियां साझा की। इस अवसर पर प्राचार्य ने विजेताओं को बधाई देते हुए बोला कि आगे भी पूरे दमखम से अपनी उर्जा लगाने की आवश्यकता है। पढ़ाई के साथ स्वस्थ ,मन के खेलकूद भी आवश्यक है।



### देबुका हॉस्पिटल में खुला दंत चिकित्सा विभाग



**रांची (आजाद सिपाही)।** देबुका हॉस्पिटल लालपुर, रांची में गुरुवार को अत्याधुनिक दंत चिकित्सा विभाग और राज्य में पहली बार किसी प्राइवेट हॉस्पिटल में निःशुल्क 12 महीनों का नर्सिंग ट्रेनिंग इनिशिएटिव डॉक्टरों द्वारा लिया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो और फॉदर अजीत प्रोविजनल रांची द्वारा किया गया। हॉस्पिटल के डायरेक्टर वरीय चिकित्सक डॉ सुरेश प्रसाद देबुका, डॉ रेखा देबुका, डॉ एकांश देबुका, डॉ गुंजिता, डॉ दिनेश ठाकुर ने सभी अतिथियों को सम्मानित किया। दंत चिकित्सा विभाग के डॉ पार्थ परितोष और डॉ नित्या तिवारी प्रोस्टेडेंटिस, इंप्लांटोलॉजिस्ट ने डेंटल से संबंधित रोगों, दंत चिकित्सा से संबंधित सेवाओं एवं कार्य अनुभव के बारे मे जानकारी दी। कार्यक्रम में मांडू विधायक निर्मल महतो, डॉ देवशरण भगत, एस्ट्रोलॉजर आरके तिवारी, समाज सेवक दीपक लोहिया, आरके दत्ता, डॉ सुमन दुबे, डॉ अमिताभ, डॉ अर्चना पाठक, गिरिजा नर्सिंग कॉलेज के डायरेक्टर नमन ठाकुर, ऋषभ मेहता, संजय मेहता एवं अन्य झारखंड राज्य के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ चिकित्सक, समाज सेवक उपस्थित रहे।

### सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में मंदबुद्धि निराश्रितों की हुई स्वास्थ्य की जांच

# नर सेवा ही नारायण सेवा है : डॉ एचपी नारायण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्रीकृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट की शाखा श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम पुंदाग में परमहंस स्वामी सदानंद महाराज के सानिध्य में गुरुवार को सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम मे रह रहे मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रित प्रभुजी एवं आश्रम मे उनकी सेवा करने वाले सेवादार साथियों का शहर के जानेमाने न्यूरो सर्जन डॉ एचपी नारायण ने सबों की स्वास्थ्य की संपूर्ण जांच की। आवश्यकतानुसार सभी को अपनी ओर से निःशुल्क दवाइयां दी गयीं। डॉ नारायण ने स्वास्थ्य की देखभाल एवं निरोग रहने के सभी को जानकारी दी। जांच के समय डॉ नारायण को श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, नंद किशोर चौधरी, एवं अशोक ठाकुर ने सहयोग किया। डॉ एचपी नारायण ने आश्रम में रह रहे लोगों से बातचीत कर संस्था के द्वारा किये जा रहे सेवा के इस महान कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। उन्होंने कहा प्रत्येक माह में 2 रविवार 15 दिनो के अंतराल मे अपना आश्रम आकर सभी के स्वास्थ्य की जांच करेंगे। उन्होंने आश्रम की साफ सफाई की भी तारीफ की। आश्रम के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि परम पूज्य गुरुजी स्वामी सदानंद महाराज के सानिध्य में पीड़ित मानव सेवा का पावन तीर्थ प्रारंभ होने वाला झारखंड का प्रथम आश्रम है। आश्रम में प्रारंभिक दौर मे ऐसे पुरुष जो अपने जीवनकाल में अपने रिश्तेदारों, परिवारजनों से बिछुड गये हो एवं अस्पतालों, सड़क किनारे, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशनों के आसपास असहाय एवं लाचार स्थिति में पड़े रहते हैं। उनको स्थानीय प्रशासन और समाज के प्रबुद्धजनों के सहयोग से एक अच्छा जीवन देने की कोशिश की जा रही है। अभी अपना घर आश्रम में 37 मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रित लोगों की प्रभु सेवा की जा रही है।



# कांग्रेस प्रभारी के राजू ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

**केशव महतो और रामेश्वर उरांव सहित ये रहे मौजूद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने राजीव गांधी वरिष्ठ नागरीक पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात उन्होंने राजीव गांधी पार्क के संस्थापक सदस्य गोपाल झा को भी श्रद्धांजलि दी। उनके साथ झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व वित्त मंत्री सह विधायक लोहरदगा डॉ रामेश्वर उरांव एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने भी पूर्व प्रधानमंत्री, सूचना क्रांति के जनक व भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं उन्हें नमन किया।

के राजू ने एचईसी निर्माण के बाद राष्ट्र निर्माण में कर्मचारियों की भूमिका पर चर्चा करते हुए वरिष्ठ कर्मचारियों के साथ संवाद किया एवं एचईसी की वर्तमान स्थिति पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया एवं जानकारी हासिल की। इस दौरान उन्होंने झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे को एनएसयूआई के देशभर के एलुमनाई अधिवेशन आयोजित करने की जिम्मेदारी सौंपी और संगठन को और सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व की विशेष प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि पासवा ने समाजसेवा और शैक्षिक सुधारों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके अलावा ओबीसी कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ आयोजित संवाद में मजबूती के लिए विशेष निर्देश दिए और संगठन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुझाव रखे।

के राजू ने कहा कि राजीव गांधी के नेतृत्व में भारत में आर्थिक सुधारों की नींव रखी गई, जिसने देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाया। उन्होंने कहा कि हम सभी को राजीव गांधी के विचारों और उनके योगदान को हमेशा याद रखना चाहिए, क्योंकि उन्होंने भारत के भविष्य को संवारने के लिए अद्वितीय प्रयास किए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा झारखंड कांग्रेस प्रभारी संगठन की मजबूती के लिए निरंतर रणनीति पर काम कर रहे हैं। झारखंड सरकार के पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने राजीव गांधी पार्क में झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू का एवं अन्य सभी वर्ग के लोगों का स्वागत किया।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू के दौरे को संगठन के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि उनका यह तीसरा दौरा पार्टी को मजबूती देने और कार्यकताओं से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए है। इस बीच के राजू ने एचइसी के सेवानिवृत्त वरिष्ठ कर्मचारियों से भेंट की, जिन्होंने राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके साथ गहन चर्चा कर उन्होंने उनके अनुभवों और सुझावों को सुना।पासवा अध्यक्ष के रूप में आलोक दूबे ने के. राजू का ध्यान निजी विद्यालयों के संबंधता को लेकर भी उठाया एवं 2019 में संशोधित आरटीइ कानून को निरस्त करने के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से वार्ता कर निजी विद्यालयों को राहत देने का काम करें।

कार्यक्रम में लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता, संजीत यादव, गुलाम सरवर रिजवी, अभिषेक साहू, कुमुद रंजन, मौलेश सिंह, पप्पू कुमार पासवान, मो. जिन्ना, कुमुद रंजन, फिरोज रिजवी मुन्ना, पंकज राय, नवीन कुमार सिंह, मेंहुल दूबे, महेंद्र प्रसाद, अजय सिन्हा, रमण झा, सुभाष उपाध्याय, विशाल सिंह, अनिकेत कुमार, मो. अजहर, विशाखा कुमारी, तोशी कुमारी, संजय पाल, पूजा कुमारी, सुरभि तिवारी, मेघा बाखला, आरती मिंज, मंटू यादव, बबलू वर्मा मुख्य रूप से शामिल थे।



# पारसनाथ, गोमो, धनबाद से मुंबई, सूरत, चेन्नई और बेंगलुरु के लिए नयी ट्रेन चलायी जाये : चंद्रप्रकाश

**गिरिडीह सांसद ने शून्य काल में उठायी मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने लोकसभा में शून्य काल के दौरान कहा कि जहां से वे सांसद हैं वहां पलायन एक बहुत बड़ी समस्या है। उन्होंने कहा कि गिरिडीह लोकसभा अंतर्गत गिरिडीह, धनबाद एवं बोकारो जिले से प्रवासी मजदूर बड़ी संख्या में मुंबई, सूरत बेंगलुरु एवं कोलकाता जाते हैं। यही नहीं पढ़ाई करने के लिए जहां विद्यार्थी काफी संख्या में इन जगहों पर जाते हैं। वहीं व्यापार एवं चिकित्सा के लिए भी लोग इन स्थानों पर जाते हैं। दुर्भाग्य से इन जगहों पर पर जाने के लिए झारखंड से एक ही ट्रेन है जिससे यात्रियों को काफी परेशानी होती है। उन्होंने आसन के माध्यम से रेल मंत्री से पारसनाथ, गोमो, धनबाद स्टेशन से मुंबई एवं सूरत के लिए एक नयी ट्रेन शुरू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन के शुरू होने से प्रवासी मजदूरों के साथ-साथ पारस के तीर्थ यात्री एवं व्यापार कर रहे लोगों को इसका फायदा मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि इसी तरह चेन्नई व बेंगलुरु जाने के लिए भी एक नई ट्रेन चलायी जाये, जिससे कि वहां पढ़ रहे झारखंड के विद्यार्थी एवं प्रवासी मजदूरों को राहत मिल सकेगी उन्होंने आसन के माध्यम से रेल मंत्री को ध्यान ही इस ओर आकृष्ट कराया की न्यू गिरिडीह स्टेशन से कोलकाता जाने के लिए कोई सीधी ट्रेन नहीं है। पहले आनंद विहार एक्सप्रेस में गिरिडीह के लिए स्लीपर कोच एवं वातानुकूलित कोच की व्यवस्था थी, जिसके कारण लोगों को कोलकाता एवं पटना जाने में काफी सुविधा होती थी। मगर 2020 में पूर्व रेलवे द्वारा इस रेल मार्ग को परिवर्तित कर इसको मधुपुर के बाद न्यू गिरिडीह कोडरमा गया होते हुए चलाने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड के पास था। किंतु कोरोना काल में यह रेल सेवा बंद है। इसको देखते हुए उन्होंने रेल मंत्री से कोलकाता से पटना या न्यू गिरिडीह- कोडरमा नयी ट्रेन शुरू करने और इसका ठहराव न्यू गिरिडीह में स्टेशन पर करने की मांग की।



# हत्या के विरोध में सिल्ली, बुंडू, तमाड़, पिपरवार और सोनाहातू बंद रहा

## अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में मुरी-सिल्ली में प्रदर्शन के बाद सड़क जाम



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** भाजपा के नेता वरिष्ठ समाजसेवी और कांके के पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल महतो टाइगर को बुधवार को अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गयी। इसको लेकर पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा गुरुवार के दिन सिल्ली-मुरी बंद किया। क्षेत्र में विभिन्न पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा सुबह से ही सड़क पर उतर गये और सड़क जाम कर दिया गया। वहीं सिल्ली बुंडू चौक, सिंगपुर मोड़ समेत हर चौक चौराहे पर जाम कर दिया गया। इस जाम को लेकर सड़कों पर छोटी बड़ी वाहनों की लंबी कतारें लग गयी। सिर्फ एमरजेंसी सेवाएं चालू रही। बंद के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा नारेबाजी कर सरकार से अपराधियों की गिरफ्तारी कर कठोर से कठोर सजा दिलाने के नारा लगाने लगे। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पांच घंटा जाम रखा गया, वहीं सिल्ली-मुरी के दुकानदारों ने भी समर्थन देकर अपने-अपने दुकानों को बंद रखा।

## पिपरवार में कोयला ढुलाई रहा ठप, बंद समर्थकों ने नारेबाजी कर किया प्रदर्शन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** रांची के कांके चौक में भाजपा नेता अनिल टाइगर की हुई हत्या के खिलाफ आहुत बंद का पिपरवार कोयलाचल क्षेत्र में व्यापक असर देखने को मिला। जानकारी के अनुसार अहले सुबह से ही बंद समर्थक सड़कों पर उतरकर जमकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। बचरा चार नंबर चौक स्थित खेल मैदान मे भाजपा और आजसु कार्यकर्ता एकत्रित होकर जमकर नारेबाजी की और बचरा चार नंबर चौक की दुकानों को बंद कराया। वही जेएलकेएम के समर्थकों ने भी इलाके में घूम-घूमकर दुकानों को बंद कराया। इस दौरान सभी बंद समर्थको ने राज्य सरकार के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की। राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। आये दिन राज्य में हत्या, मर्डर, लूट डकैती जैसी घटना को अंजाम दिया जा रहा है, लेकिन इस पर लगाम लगाने में पुलिस पुरी तरह से विफल है। इस मौके पर मोहन कुमार महतो, दीपक कुमार महतो, उगन महतो, नरेश महतो, काशीनाथ महतो, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण कुमार मंडल, उमेश मेहता, शंभु गुप्ता, बबलु साव, राजेश महतो सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## आजसू, बीजेपी और जेएलकेएम के कार्यकर्ताओं ने बिगड़ती कानून व्यवस्था पर नाराजगी जतायी



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** अपराधियों द्वारा पूर्व जिला परिषद सदस्य टाइगर अनिल कुमार महतो की गोली मारकर हत्या कर दिये जाने के विरोध में बुधवार को आजसू, बीजेपी और जेएलकेएम के संयुक्त रूप से शांतिपूर्ण बंदी सुबह से ही तीनों दलों के कार्यकर्ताओं ने झारखंड सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बिगड़ती कानून व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए बुंडू बंद कराया गया। आजसू पार्टी के रांची जिला के वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा के नेतृत्व में बुंडू के ताऊ मोड़ में सड़क जाम कराई गयी। बीजेपी, आजसू और जेएलकेम के के कार्यकर्ताओं ने मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर रंजीत लाहेरी, आलोक दास, सुबोध मुखर्जी, जगतपति पाठक, सुख सारण महतो सहित कई पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## तमाड़ में भाजपाइयों ने गिरती कानून व्यवस्था के खिलाफ सड़क जाम की



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ भाजपाइयों द्वारा पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल टाइगर की हत्या और झारखंड में गिरते कानून व्यवस्था एवं बढ़ते भ्रष्टाचार के खिलाफ तमाड़ के साथ ही रायडीह फ्लाईओवर चौक, थाना चौक, तमाड़ खुंटी रोड चौक, डोड़ेया मोड़ चौक में घंटों जाम कराया। निर्दोष की हत्या करना बंद करो, हत्यारों को संरक्षण देना बंद करो, अनिल टाईगर के हत्यारे को अविलंब गिरफ्तार करो आदि नारा लगा रहे थे। आज के कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता लक्ष्मण सिंह मुंडा, समरेंद्र मुखर्जी, गोलक दास अधिकारी, संतोष साहु, मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विवेक गुप्ता, सुरेंद्र साहु, कपिल गुप्ता, आजसू के वरिष्ठ कार्यकताओं में जगदीश गुप्ता, हीरालाल दास, हरदेव महतो, राजकुमार गुप्ता के साथ ही भाजपा कार्यकताओं में गणेश महली, चंदन साहु, बलराम कुम्हार, दिनेश साहु, उदय महतो, मदन सिंह मुण्डा, तुलसी मुण्डा, गोविन्द सिंह मुण्डा, राजेश नाग, राहुल गिरि, कल्लू दर्जी, कलेश्वर महतो, बलिराम साहु , मगरु महतो, सहित कई भाजपा और आजसू कार्यकर्ता शामिल थे।

## सोनाहातू में आजसू-बीजेपी का शांतिपूर्ण बंद अपराधी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** कांके के पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल टाइगर की दिनदहाड़े गोलीमार कर हत्या के विरोध में रांची बंद का सोनाहातु थाना क्षेत्र के बाजार टांड़ चौक पर बीजेपी और आजसू कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण बंद किया। आजसू के पुर्व जिला परिषद अध्यक्ष सुकरा सिंह मुंडा केंद्रीय सचिव संजय कुमार महतो, प्रखंड अध्यक्ष सुशेन प्रमाणिक, रमेश मुंडा, पूर्व प्रमुख रमेश लोहार, वीरेंद्र सिंह मुंडा, वीरेंद्र लोहार, उप मुखिया प्रतिनिधि विपिन बिहारीपाल और उनके सैकड़ो कार्यकर्ता सड़क पर उतरे और बंद का समर्थन किया। इस पर सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि सरकार पूरी तरह से विफल साबित हो रही है और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत है। उन्होंने सरकार से मांग की कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाये जायें ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## भाजपा खलारी मंडल के कार्यकर्ता सड़क पर उतरे



**खलारी (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता अनिल महतो उर्फ अनिल टाइगर की दिन दहाड़े हुई हत्या के विरोध में गुरूवार को खलारी बंद रहा। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा खलारी मंडल के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर खलारी का बाजार बंद करा दिया। गुरूवार सुबह से ही भाजपा कार्यकर्ता क्षेत्र के केडी हिंदूगढ़ी चैक, बैंक चैक, खलारी बाजारटांड़, शहीद चैक, साइडिंग रोड सहित अन्य प्रमुख चैक चैराहों पर जुटने लगे। कार्यकर्ता टोलियों में घूम घूमकर दुकानदारों से बंद का आग्रह करते दिखे। हालांकि अधिकतर दुकानें स्वतः बंद रही। बंद में आजसू कार्यकर्ता भी साथ थे। दिन दहाड़े शहर में हत्याएं हो रही है। इस दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गयी। बंद कराने और पुतला जलाने वालों में मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू, संयोजक रामसूरत यादव, जिप सदस्य सरस्वती देवी, अरविन्द सिंह, फुलेश्वर महतो, श्याम सुन्दर सिंह, शैलेंद्र शर्मा, आजसू नेता राजकुमार गुप्ता, विक्की चैहान, जफरुदीन अंसारी, शत्रुंजय सिंह, शिवकुमार चैधरी, लालबाबू सिंह, प्रदीप सिंह, प्रताप यादव, सरोजनी देवी, मुकेश सिंह, संजीत महतो, प्रदीप प्रमाणिक, रविभूषण, मनोज निषाद, नवीन ठाकुर, शिबू लोहारा, कामेश्वर निषाद, अभिषेक चैहान, अनिल तूरी, आदि शामिल थे।

## पीएमश्री विद्यालय समागम कार्यक्रम संपन्न



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला स्तरीय दो दिवसीय पीएमश्री विद्यालय समागम 2025 का समापन गुरुवार को शिक्षा विभाग की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समागम के दूसरे दिन की शुरूआत जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ ढफएलएन मेला के आयोजन से हुआ, जिसमें शिक्षकों ने ढुएलएनटी एलएम (शिक्षण अधिगम सामग्री) और रोचक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को प्रभावी शिक्षण के नये तरीके प्रस्तुत किये। इससे बच्चों और शिक्षकों को नवीन शिक्षण पद्धतियों की जानकारी मिली। एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न राज्यों की संस्कृति, परिधान, और भाषा को दशार्ने के लिए पीएमश्री विद्यालयों के विद्यार्थियों ने रंगारंग लोकनृत्य एवं वेशभूषा की शानदार प्रस्तुति दीं। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रदीप रवानी, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी विभाष चंद्र महतो, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, रिसोर्स पर्सन आशुतोष कुमार मांझी, अंकज कुमार, नकुल कुमार आदि उपस्थित थे। मंच संचालन अनुभा अन्ना ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी विभाष चंद्र महतो ने किया।

## सब जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में भाग लेंगी खूंटी की सुप्रिया कुमारी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** बिहार के गया जिले में 27 से 29 मार्च तक आयोजित होनेवाली 34वीं सब जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में खूंटी की सुप्रिया कुमारी भाग लेगी। कबड्डी एसोसिएशन ऑफ खूंटी की सब जूनियर खिलाड़ी सुप्रिया कुमारी का चयन झारखंड टीम में हुआ है। राज्य स्तरीय का टीम का चयन 22 और 23 मार्च को मेगा स्पोर्ट्स कॉपलेक्स धनबाद में आयोजित राज्य स्तरीय बालक-बालिका सब जूनियर चौंपियनशिप में हुआ था। यह जानकारी कबड्डी एसोसिएशन ऑफ खूंटी की सचिव सह कोच आशा कुमारी ने दी।

## 26वां रक्तदान शिविर 30 मार्च को

**खलारी (आजाद सिपाही)।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गीता पाठशाला सुभाष नगर के सौजन्य से 30 मार्च रविवार को सुभाष नगर में सिविल सोसाइटी द्वारा 26वां रक्तदान शिविर लगाया जायेगा। शिविर में ब्रह्माकुमारी परिवार से जुड़े एवं अन्य लोग रक्तदान करेंगे। गीता पाठशाला की मुख्य संचालिका बीके प्रीति बहन ने आमलोगों से अपील किया है कि सदर अस्पताल रांची में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के सहायतार्थ इस शिविर में रक्तदान कर मानवता की सेवा के लिए आगे आयें।

## तीन दिवसीय महान सत्संग समारोह का हुआ समापन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान में मानव उत्थान सेवा समिति के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय महान सत्संग समारोह का बुधवार की रात को समापन किया गया। तीन दिवसीय इस सत्संग समारोह में कई सीसीएल अधिकारी, कर्मचारी, पंचायत प्रतिनिधि, यूनियन प्रतिनिधि सहित स्थानीय ग्रामीण शामिल होकर धार्मिक बातों की जानकारी प्राप्त की। पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान आयोजन समिति के सदस्यों ने माला पहनकर महाप्रबंधक संजीव कुमार का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होने से लोगों में धार्मिक बातों की जानकारी मिलती है और उन्हें धार्मिक ज्ञान प्राप्त होता है। उन्होंने कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र व राज्य की सुख शांति और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में तीन दिनों तक सदगुरु देव सतपाल महाराज के आत्मानुभवी संत महात्माओं के द्वारा रामायण, गीता आदि धर्म शास्त्रों के आधार पर सत्संग विचारों से जनमानस को संबोधित किया गया। इस कार्यक्रम में हरिद्वार से भुवनेश्वरी बाई जी व सोनी बाई और झारखंड से प्रेरणा बाई एवं मान्यता बाई शामिल हुई।

## निर्विरोध चुने गये अध्यक्ष बद्री साहू और सचिव महेंद्र महतो



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल बार एसोशियन चांडिल में बार कार्यालय में गुरुवार को निर्वाचन स्टेट बार एसोशियन के सदस्य और निर्वाचन पर्यवेक्षक अनिल कुमार महतो के निगरानी में चुनाव संपन्न हुआ। इसमें अध्यक्ष पद पर बद्री प्रसाद साहू, सचिव पद पर महेंद्र कुमार महतो, उपाध्यक्ष पद पर नवनीकांत सिंह निर्विरोध चुने गये। वही अधिवक्ता द्वारा मत का प्रयोग करते हुए संयुक्त सचिव पद पर अजय कुमार गोप, कोषाध्यक्ष पद पर दिलीप कुमार महतो, पुस्तकालय प्रभारी पद पर संजीव कुमार सिंह पात्र और कार्यकारी सदस्य विदु भूषण महतो चुने गये। चांडिल अनुमंडल बार के कार्यालय पदधारियों के निर्वाचन समिति के सदस्य सांत राम हेम्ब्रम, विमल चंद्र मंडल और कमलाकांत महतो ने कुशल पूर्वक निर्वाचन संपन्न कर विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान करे। मौके पर देवाशीष कुंडू, कमलेश कुमार सिंह, शिवेश्वर महतो, अशोक कुमार साहू, सुनील मानकी, विश्वनाथ कालिंदी, मृत्युंजय महतो, ठाकुरदास महतो सहित कई अधिवक्ता उपस्थित थे।

## चार दिवसीय योग शिविर का हुआ समापन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) कैंप, डकरा में प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में 24 मार्च से संचालित चार दिवसीय ध्यान योग शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस शिविर में सीआइएसएफ जवानों ने ध्यान योग का अभ्यास कर मानसिक शांति एवं आत्म-सुधार का अनुभव किया। इस अवसर पर संदीप कुमार एस (सीनियर कमांडेंट), दिनेश कुमार (डिप्टी कमांडेंट), संजय मिश्रा (असिस्टेंट कमांडेंट), रवि कुमार (असिस्टेंट कमांडेंट), इंस्पेक्टर मनोहर बरवा, इंस्पेक्टर रवि रंजन, इंस्पेक्टर संतोष नेगी, इंस्पेक्टर राजेश सरोज सहित कई अधिकारियों और जवानों ने ब्रह्माकुमारी संस्थान के निर्देशन में राजयोग ध्यान योग का अभ्यास किया। उन्होंने कहा कि यह शिविर न केवल मानसिक तनाव को कम करने में सहायक रहा, बल्कि जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाने में भी प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। शिविर के समापन अवसर पर ब्रह्मकुमारी संस्थान के प्रशिक्षकों ने सभी उपस्थित जवानों को नियमित ध्यान योग करने की सलाह दी, जिससे वे मानसिक संतुलन बनाये रखते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन और अधिक कुशलता से कर सकें।

# उपायुक्त ने खेल और पर्यटन विभाग के कार्यों की समीक्षा की, दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला खेल और पर्यटन संवर्धन समिति की गुरुवार को समाहरणालय कक्ष में हुई बैठक। खेल और पर्यटन विभाग से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों और संचालित कार्यों की समीक्षा की गयी। बैठक में उपायुक्त ने खूंटी जिले में खेल संरचनाओं के विकास के लिए मिनी स्टेडियम, हॉकी मैदान के निर्माण के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। पिछले दिनों आई बारिश, ओलावृष्टि के कारण बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम खूंटी के प्रवेश द्वार के पास स्थित गैलरी शेड को हुए नुकसान के मद्देनजर उपायुक्त ने उसके पुनर्निर्माण का निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिया। इसके अलावा पर्यटन विभाग से जुड़े पेरवाघाघ, रानी फॉल, दशम फॉल समेत अन्य स्थानों पर संचालित विकास कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये गये। बैठक के उपरांत उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने राज्य स्तरीय एएसएमआइटीए हॉकी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले जूनियर और सब-जूनियर महिला खिलाड़ियों और उनके कोचों से मुलाकात की।

उपायुक्त ने टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। ज्ञात हो कि 17 से 24 मार्च तक रांची में आयोजित एएसएमआइटीए हॉकी टूनामेंट में खूंटी जिले की जूनियर और सब-जूनियर महिला हॉकी टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। उनकी इस उपलब्धि के लिए विजेता टीम को 1,20,000 का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी, जिला पर्यटन पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## वंचित टोलों की पहचान कर बिजली उपलब्ध करायें अधिकारी : उपायुक्त

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्युतीकरण से वंचित टोलों की पहचान कर एमयूजेवाइ योजना के तहत बिजली पहुंचाएं। डीसी गुरुवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में विद्युत विभाग की बैठक में मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना (एमयूजेवाइ) और रेवंप्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत संचालित कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में आमजनों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति की जानकारी में कोई ऐसा टोला हो, जो अब तक विद्युतीकरण से वंचित है, तो उसकी जानकारी जिला विद्युत कार्यालय या कार्यपालक विद्युत अभियंता के मोबाइल नंबर 9431135616 पर साझा करें। इससे वंचित टोलों की पहचान कर उन्हें शीघ्र विद्युत सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

## जेटीइटी, टीजीटी और जेएसएससी परीक्षा का कैलेंडर जारी करने की मांग

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** छात्र युवा अधिकार संघ जेटीइटी, टीजीटी और जेएसएससी परीक्षा का कैलेंडर जारी करने की मांग सरकार से की है। उमेश कुमार की अध्यक्षता में इसको लेकर गुरुवार को ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया। ऑनलाइन बैठक में झारखंड के विभिन्न जिलों के सैकड़ो छात्र प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में शामिल जीवन कुमार ने कहा कि झारखंड में नयी सरकार के बने तीन महीने खत्म होने को हैं। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने छात्रों-युवाओं से वादा किया था कि जेएसएससी परीक्षा कैलेंडर 2024 के अंतिम में ही जारी कर दिया जायेगा, परंतु आज तक कैलेंडर जारी नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि परीक्षा के पाठ्यक्रम में बदलाव और परीक्षा आयोजन का लाखों छात्र इंतजार कर रहे हैं। क्रिम कुमार ने कहा कि झारखंड के पड़ोसी राज्य बिहार ,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में लगातार पुलिस, कर्मचारी, शिक्षक व अधिकारी स्तर की नियुक्तियां कराई जा रही है, लेकिन झारखंड में नियुक्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की सकारात्मक कार्रवाई देखने को नहीं मिल रही है। अवधेश कुमार दास ने कहा कि छात्रों युवाओं का धैर्य अब खत्म होने को है।

# मानव तस्करी के शिकार झारखंड के 25 नाबालिग बच्चे कराये गये मुक्त

खूंटी के 7, साहेबगंज एवं गोड्डा के 18 बच्चों को किया जायेगा पुनर्वासित

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सार्थक प्रयासों से मानव तस्करी के शिकार बच्चियों को लगातार मुक्त कराकर उनके घरों में पुनर्वासित किया जा रहा है। इसी कड़ी में महिला और बाल विकास विभाग की ओर से संचालित एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र, नयी दिल्ली के माध्यम से 25 नाबालिग बच्चों को झारखंड वापस लाया जा रहा है। इन बच्चों की उम्र 12 से 17 वर्ष के बीच है। इनमें से ज्यादतर बच्चियों को एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र द्वारा दिल्ली पुलिस और स्थानीय एनजीओ के सहयोग से दिल्ली और दिल्ली के आसपास के राज्यों के विभिन्न स्थानों से रेस्क्यू किया गया है। एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र नयी दिल्ली की नोडल ऑफिसर नचिकेता ने गुरुवार को जानकारी दी कि साहेबगंज जिला के 2 मानव तस्कर पूनम मरांडी और ईश्वर तुरी को पकड़ने के दौरान उनके जरिये बताये गये बच्चों से संबंधित सूचना के आधार पर इन सभी बच्चों को दिल्ली के आसपास के राज्यों से एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र में कार्यरत राहुल सिंह और निर्मला खलखो के अथक प्रयास के बाद निकाला गया है। ये बच्चे गुरुवार को सुरक्षित खूंटी जिले की सीडीपीओ अल्ताफ खान और साहेबगंज जिले की सीडीपीओ पूनम कुमारी के नेतृत्व में रांची पहुंचेंगे। यह सारी कार्यवाही झारखंड भवन के स्थानिक आयुक्त अरवा राजकमल के निर्देश पर किया गया।

उल्लेखनीय है कि महिला और बाल विकास विभाग मानव तस्करी के मामले में बहुत ही संवेदनशील है। महिला और बाल विकास विभाग के सचिव मनोज कुमार और निर्देशक किरण कुमारी पासी की ओर से सभी जिलों के जिला समाज कल्याण पदाधिकारी और जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को आदेश दिया गया है कि ऐसे मामले के संज्ञान में आते ही तुरंत ही टीम बनाकर नई दिल्ली रवाना किया जाये। अग्रतर कार्यवाही करते हुए बच्चों को सुरक्षित तरीके से उनके घरों में पुनर्वासित करते हुए झारखंड सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं का उन्हें लाभ दिया जाये। साथ ही इन बच्चों की सतत निगरानी भी की जाये। एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र के राहुल सिंह और निर्मला खलखो की ओर से यह बताया गया कि हमारा एक टोल फ्री नंबर 10582 है, जिसके माध्यम से भी झारखंड की तस्करी के शिकार बच्चों की सूचना प्राप्त होती है।

## भारत माता पूजन और भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम करने का लिया गया निर्णय



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को भारत माता मंदिर संवर्धन समिति की बैठक अरुण जैन के हीरो शो रूम में हुई। जिसमें 30 मार्च को चैत्र शुक्ल वर्ष प्रतिपदा के पावन अवसर पर भारत माता पूजन और भव्य दीपोत्सव का कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। भारत माता मंदिर संवर्धन समिति के संयोजक प्रमोद कुमार ने बताया कि संध्या पांच बजे से भारत माता पूजन और संध्या से दीपोत्सव के बाद प्रसाद वितरण किया जायेगा। उन्होंने अपील किया है कि हर घरों में एक दीप जले हिंदू नववर्ष को भव्य तरीके से किया जायेगा। कार्यक्रम में सरस्वती विद्या मंदिर परिवार संस्कृति विहार भारत माता मंदिर समिति मानव सेवा संस्था और शिव शक्ति क्लब की भागीदारी होगी। बैठक में अध्यक्ष राम दुर्लभ सिंह मुंडा, प्रमोद कुमार, अरुण जैन, रोशन महंतो, धनंजय महंतो आदि मौजूद रहे।

## खलारी बाजारटांड़ में बैगलेस डे प्रोग्राम के तहत टेलरिंग और ब्यूटीशियन कोर्स आयोजित हुआ



**खलारी (आजाद सिपाही)।** शिक्षा विभाग द्वारा संचालित बैगलेस डे प्रोग्राम के तहत पीएम श्री राजकीयकृत मध्य विद्यालय खलारी बाजारटांड़ में टेलरिंग और ब्यूटीशियन का कोर्स बच्चों को सिखाया गया। इसके तहत विद्यालय में हस्त कौशल और जीवकोपार्जन कार्यक्रम से संबंधित प्रशिक्षण बच्चों को दिया गया। प्रशिक्षण में कक्षा छह से आठ वर्ग के बच्चों को टेलरिंग और ब्यूटीशियन का एक-एक घटे का कोर्स सिखाया गया। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित यह प्रोग्राम वास्तव में बच्चों का उत्साह वर्धन कार्यक्रम था। बताया गया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन बच्चों को प्रोत्साहित करना है।

## शिक्षकों ने तैयार किये हस्त निर्मित टीचिंग लर्निंग मेटेरियल



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी बाजारटांड़ स्थित पीएम श्री राजकीयकृत मध्य विद्यालय में शिक्षकों ने हस्त निर्मित टीचिंग लर्निंग मेटेरियल (टीएलएम) तैयार किया। कार्यक्रम एफएलएन मेला के तहत आयोजित किया गया है। जिसमें शिक्षकों ने हिंदी, अंग्रेजी, गणित और स्थानीय जनजातीय/क्षेत्रीय भाषा में टीएलएम तैयार किये हैं। इन टीएलएम को जिला स्तरीय प्रदर्शनी में 27 और 28 मार्च को प्रदर्शित किया जायेगा। विद्यालय के शिक्षकों ने विभिन्न विषयों पर बेहतरीन टीएलएम बनाये हैं, जो बच्चों के लिए बहुत उपयोगी होंगे। विद्यालय की शिक्षिका सुमन कुमारी ने बताया कि इस तरह के रचनात्मक कार्य से बच्चों को विभिन्न विषयों पर सुलभ तरीके से समझाया जा सकता है। साथ ही, शिक्षकों के मन में रचनात्मकता की भावना भी जागृत होती है।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 28 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in


# अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में बंद का अनगड़ा नगड़ी, नामकुम, ओरमांझी और बेड़ो में व्यापक असर

## बंद के समर्थन में सड़क पर उतरे भाजपा, आजसू और जेएलकेएम कार्यकर्ता, जगह-जगह हुई गिरफ्तारियां

## कहीं टायर जला कर, तो कहीं सड़क अवरोध कर कराया बंद, अधिकांश जगहों पर स्वेच्छा से बंद रहीं दुकानें

आजाद सिपाही टीम

**अनगड़ा/पिस्कानगड़ी/नामकुम/ओरमांझी/बेड़ो।** भाजपा नेता अनिल टाईगर की हत्या के विरोध में आहूत रांची बंद का गुरुवार को अनगड़ा में व्यापक असर देखा गया। बंद समर्थक भाजपा, आजसू एवं जेएलकेएम के कार्यकर्ता सड़क पर उतरे और रांची-मुरी मार्ग को गोंदलीपोखर चौक के पास जाम कर दिया। इसके अलावा गेतलसूद, जोन्हा, हेसल, मिलन चौक, अनगड़ा सहित अन्य जगहों पर भी सड़क जाम कर विरोध प्रर्दशन किया। बंद के कारण रांची-मुरी एवं अनगड़ा- हुंडरू फॉल मार्ग में गाड़ियों का आवागमन ठप रहा। वहीं सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठान एवं दुकानें बंद रही। गोंदलीपोखर चौक में सड़क जाम का नेतृत्व भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, रामकुमार पाहन, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, भाजपा ग्रामीण ज़िला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, सुनील कुमार महतो, रामनाथ महतो, रामसाय मुंडा, आजसू के आतिश महतो, महावीर महतो, जगरनाथ महतो, जेएलकेएम के रामपोदो महतो, जलेश्वर उर्फ मार्शल महतो, गेतलसूद में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार आदि कर रहे थे। बाद में बीडीओ जयपाल सोय एवं थानेदार हीरालाल शाह के समझाने के बाद गोंदलीपोखर में सड़क जाम हटा लिया गया। जाम सुबह पांच बजे से दोपहर 12 बजे तक रहा। जाम हटने के बाद पूर्वाहन में गोंदलीपोखर साप्ताहिक हाट भी लगा। इधर, टाटीसिलवे में भाजपा नेता राजन साहू एवं हटिया में भाजपा नेता प्रवीण झा के नेतृत्व में सड़क जाम किया गया। बाद में प्रवीण झा एवं उनके समर्थकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।




बंद के समर्थन में सड़क जाम कर भाजपा-आजसू समर्थक।




### नगड़ी में मिलाजुला असर

अनिल महतो टाइगर की हत्या के विरोध में आहूत रांची बंद का नगड़ी प्रखंड क्षेत्र में मिला-जुला असर रहा। नगड़ी चौक और चेक नाका चौक की दुकानें लोगों ने स्वेच्छा से सुबह से ही बंद रखी। वहीं, लोग नदारत रहे। दोपहर दो बजे बाद सभी दुकानें खुल गयी। रांची-गुमला एनएच पर लंबी दूरी के वाहन और आटो 12 बजे तक कम ही चले। उधर, सुबह आठ बजे बंद के समर्थन में निकले भाजपा कार्यकर्ताओ को नगड़ी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और थाना में तीन घंटे तक बैठा कर रखा। बाद में बांड पत्र भरने के बाद सभी को छोड़ दिया। पकड़े गये लोगों में शशि भूषण भगत, पंकज शाहदेव, केदार महतो, चूड़ामणि महतो, विंध्याचल महतो, मेघनाथ महतो, दीपक कुमार केसरी, जय किशन महतो, राकेश केसरी, हेमंत केसरी, अरविंद केसरी, मधुबाला देवी, विकास उरांव, दुर्गेश महतो और विनोद साहू आदि शामिल थे।

### नामकुम में टायर जला कर प्रदर्शन

अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में भाजपा, आजसू और जेएलकेएम की ओर से आहूत रांची बंद को सफल बनाने के लिए गुरुवार को सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया गया। नामकुम बाजार, तुपुदाना, टाटीसिलवे, सामलोंग और अन्य क्षेत्रों में बंद समर्थकों ने सड़कों पर टायर जलाकर और नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। नामकुम बाजार और तुपुदाना में खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, लोवाडीह मंडल अध्यक्ष नवीन सोनी, सामलोंग में भाजपा नेता प्रभुदयाल बड़ाईक, टाटीसिलवे में भाजपा नेता राजन साहू और जेएलकेएम के केंद्रीय महामंत्री सुमित महतो, महिलोंग में भाजपा नेता मुक्तिनाथ मिश्रा ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। रांची बंद के दौरान मुख्य चौक-चौराहों और दुकानों में ताले लगे रहे, जिससे कई जगहों पर आवागमन ठप हो गया। कुछ स्थानों पर सड़कों पर वाहन कम ही दिखाई दिए। पुलिस ने सड़कों पर जाम लगाने वाले कार्यकर्ताओं को समझाने की कोशिश की। इस दौरान बंद समर्थकों ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और हत्या की निंदा की। पुलिस ने घटना में शामिल एक अपराधी रोहित वर्मा को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे अपराधी की तलाश जारी है। रांची बंद की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा बढ़ा दी थी और शहर में शांति बनाए रखने के प्रयास किए गए। भाजपा, आजसू और जेएलकेएम ने सरकार से अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है और राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार की अपील की है।

## बेड़ो में भाजपाइयों का प्रदर्शन, दुकान-सब्जी मंडी बंद

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** रांची के कांके में बुधवार को भाजपा नेता अनिल टाइगर महतो की हत्या किए जाने के विरोध में भाजपा, आजसू और जदयू की ओर से आहूत रांची बंद का बेड़ो में व्यापक असर दिखा। गुरुवार को यहां की दुकानें और सब्जी मंडी बंद रहीं। वहीं, बंदी को सफल बनाने के लिए भाजपा नेता सन्नी टोप्पो के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने केशा मोड़, महावीर चौक, जिला परिषद और लोहरदगा रोड में रतन टोली के समीप सड़क जाम कर दिया। अनिल महतो की हत्या को लेकर कार्यकर्ता काफी आक्रोशित थे। बाद में प्रशासनिक पहल के बाद जाम हटाया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि राज्य में सुरक्षा व्यवस्था खत्म हो गई है। झारखंड में कानून नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। अपराधी खुलेआम हत्या कर रहे हैं और सरकार तमाशबीन बनी बैठी है। उन्होंने कहा कि सरकार जब तक अनिल के हत्यारों को पकड़ कर फांसी की सजा नहीं देती है तब तक सरकार के खिलाफ आंदोलन करते रहेंगे। इस मौके पर अंजली कच्छप, बलराम सिंह, तेजू दास और विजय साहू को बेड़ो पुलिस ने निरोधात्मक रूप में गिरफ्तार किया। मौके पर दर्जनों भाजपा और आजसू कार्यकर्ता मौजूद थे। उधर, बंद के दौरान पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये थे। आक्रोशित प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई थी। डीएसपी अशोक कुमार राम और थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान सशस्त्र बलों के साथ मौजूद थे।

### बंद से किसानों को हुई भारी परेशानी

**वहीं, बंद के कारण बेड़ो में लगने वाला साप्ताहिक गुरुवार बाजार और सब्जी मंडी बंद रही। जिस कारण किसानों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मंडी में सब्जी नहीं लिए जाने पर किसान मायूस होकर लौट गए। गुमला जिला भरनो खरतंगा के किसानों में रमेश उरांव, संजय उरांव, सोमरा उरांव और पंडा मसिया के राजू कुमार बेड़ो के खक्सीटोली, अनिल मिंज, पाकल मेड़ी के दिनेश महतो ने बताया कि उन्हें बंद की जानकारी नहीं थी। वे दोपहिया से मटर एवं फ्रेंचबीन बेचने बेड़ो मंडी आये थे। पर वापस लौटना पड़ा।**

### ओरमांझी बंद सफल

भाजपा जिला महामंत्री, आजसू के पूर्व जिला अध्यक्ष और महावीर मंडल के छठी बार अध्यक्ष के पद संभालने वाले इंद्रजीत महतो उर्फ अनिल टाइगर की बुधवार को हत्या कर दी गयी थी। जिसके विरोध में गुरुवार को आहूत रांची बंद का ओरमांझी में काफी असर दिखा। इस दिन सुबह से ही शास्त्री चौक सहित विभिन्न चौक चौराहे को जेएलकेएम, भाजपा और आजसू के युवा कार्यकर्ताओं ने जाम कर दिया। थोड़ी देर बाद पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, अमरनाथ चौधरी, मानकी राजेंद्र शाही, शशि मेहता, राजेश गुप्ता, अनिल महतो, दिगंबर महतो, राम सेवक महतो, संजय महतो, रणधीर चौधरी आदि बंद के समर्थन में सड़क पर उतर आए। तीन-चार घंटे के बाद सीओ उज्जवल सोरेन और थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी ने लोगों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया।

# उद्घाटन के 12 वर्ष बाद भी राज्य की एकमात्र बीज प्रसंस्करण इकाई नहीं हो सकी चालू



**इटकी (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार की कृषि के प्रति उदासीन रवैया से क्षेत्र के किसान बेहत परेशान हैं। सरकार किसानों को समृद्ध और आत्म निर्भर बनाने के प्रति कितनी संवेदनशील है इसका जीता जागता उदाहरण इटकी तिलकसुती गांव में स्थापित राज्य का एक मात्र बीज प्रसंस्करण इकाई है। इसका उद्घाटन हुए 12 वर्षों से अधिक समय गुजर गया। बावजूद इसके यह चालू नहीं हो सका है। साल 2013 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत एनवीआई मद से करीब आठ करोड़ रुपये खर्च कर बीज प्रसंस्करण इकाई का स्थापना कराया गया था। इसमें अत्याधुनिक तकनिकी के आवश्यक उपकरण लगाये थे। जिसका उद्घाटन तत्कालीन राज्यपाल सैयद अहमद ने विधिवत किया था। किसानों को बीज के प्रति आत्मनिर्भर बनाने के साथ सस्ते दाम पर उन्नत किस्म का बीज उपलब्ध कराने के उदेश्य से यहां बीज प्रसंस्करण इकाई की स्थापना की गयी थी। पर सरकार की उपेक्षित नीति के कारण करोड़ों रुपये खर्च के बावजूद सपना धरा का धरा रह गया। बताते चलें कि राष्ट्रीय किसान क्लब कोऑपरेटिव सोसाईटी ने नई दिल्ली के द्वारका स्थित एससीसी-6 मैसर्स द- हावटस सी-405 सहारा अपाटमेंट की ओर से वर्ष 2013 में बीज प्रसंस्करण भवन का निर्माण कार्य पूरा कराया गया। इसके बाद विभाग की ओर से इकाई में बीज प्रसंस्करण के लिए करोड़ों रुपये की अत्याधुनिक मशीन और अन्य उपकरण भी लगाये गये। साथ ही बीज इकाई के ठीक सामने लगभग छह करोड़ रुपये की लागत से भंडारण (गोदाम) का निर्माण भी कराया गया। इसके बाद बड़े तामझाम के साथ राज्य के तत्कालीन राज्यपाल से इकाई का उद्घाटन कराया। लेकिन विभागीय लापरवाही और संबंधित अधिकारियों की अरूचि के पेंच में फंसी तो फंसती ही चली गई जो अब तक बीज इकाई को चालू नहीं कराया जा सका है। अब स्थिति यह बन गई है बीज इकाई का नव निर्मित भवन चालू होने के पूर्व ही दम तोड़ने लगी है। भवन जर्जर हो गये है दरवाजा खिड़की टूटने लगे है। इकाई भवन के चारों ओर झाड़ियों से घिर गया है।

## झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम के विद्यार्थियों ने जिंदल पतरातू का किया औद्योगिक भ्रमण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम रांची के छात्रों को हाल ही में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड पतरातू के औद्योगिक दौरे का अवसर मिला। इस यात्रा का उद्देश्य छात्रों को उद्योग में कार्यरत नवीनतम तकनीकों और उत्पादन प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना था। डिप्लोमा के अंतिम सत्र के 50 छात्रों का एक दल इस औद्योगिक भ्रमण में शामिल हुआ। इस दौरान उन्होंने इस्पात निर्माण प्रक्रिया को नजदीक से देखा और कंपनी की अत्याधुनिक सुविधाओं का निरीक्षण किया। छात्रों को फर्नेस विभाग, विनिर्माण, अनुसंधान, विकास और उत्पादन लाइनों सहित विभिन्न विभागों में ले जाया गया, जहां विशेषज्ञों ने उन्हें विस्तृत जानकारी दी। यात्रा के दौरान छात्रों को उद्योग विशेषज्ञों से बातचीत करने का भी अवसर मिला, जिन्होंने उन्हें नवीनतम तकनीकों, उद्योग के भविष्य और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों के बारे में मार्गदर्शन दिया। कंपनी के प्रतिनिधियों ने उन्हें उद्योग में मौजूद रुझानों और अवसरों पर महत्वपूर्ण जानकारियां दी। झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम के प्लेसमेंट इंचार्ज गौरव प्रियदर्शी ने बताया कि यह औद्योगिक दौरा छात्रों के लिए बेहद शिक्षाप्रद रहा। उन्होंने कहा कि इस यात्रा से छात्रों को सिद्धांत और वास्तविक अनुप्रयोगों के बीच अंतर को समझने का अवसर मिला। इससे उन्हें अपने अकादमिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप से लागू करने की प्रेरणा मिलेगी। छात्रों ने जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड, पतरातू के संयंत्र प्रमुख सत्येंद्र सिंह, सतीश सिंह, विनोद सिंह और सोनिका श्रीवास्तव का आभार प्रकट किया, जिन्होंने इस औद्योगिक भ्रमण को सफल बनाने में अहम भूमिका निभायी।

## तीन दिवसीय एक्यूप्रेशर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटीसिलवे की ओर से गुरुवार को झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम में तीन दिवसीय एक्यूप्रेशर बेसिक प्रशिक्षण शिविर (हुनर है तो कदर है) का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर 29 मार्च तक चलेगा, जिसमें प्रतिभागियों को एक्यूप्रेशर चिकित्सा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी जाएगी। शिविर का उद्घाटन झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता, एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के सचिव डॉ मधुसूदन पांडे और डॉ बलराम महतो ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर डॉ मधुसूदन पांडे ने कहा कि एक्यूप्रेशर बिना जांच, दवा और सर्जरी के जटिल से जटिल बीमारियों का इलाज करने में सक्षम है। उन्होंने इसे वर्तमान समय में अंग्रेजी दवाओं के प्रभावी विकल्प के रूप में बताया। इस शिविर में प्रशिक्षण देने की जिम्मेदारी डॉ बलराम महतो, अजय मंडा, नरेश महतो, महेश प्रजापति, रुकमणी कुमारी, सरस्वती कुमारी, लपम कुमारी और ललिता कुमारी को सौंपी गई है। इस शिविर का उद्देश्य झारखंड में एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देना और अधिक से अधिक लोगों को इसके लाभों से परिचित कराना है। शिविर के समापन के बाद 2 अप्रैल को झारखंड एक्यूप्रेशर दिवस पर सभी प्रशिक्षुओं को एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

# अनिल टाइगर को दी गयी अंतिम विदाई शामिल हुए सत्ता-विपक्ष के कई दिग्गज

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** श्री महावीर मंडल कांके के अध्यक्ष और भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिवंगत इंद्रजीत कुमार अनिल उर्फ अनिल महतो टाइगर को भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं के अलावा सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं कांग्रेस के विधायकों सहित झामुमो के दिग्गज नेताओं ने गुरुवार को अंतिम विदाई दी और उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए। अनिल टाइगर का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव कांके के खंटगा स्थित श्मशान घाट में किया गया। मुखाग्नि पुत्र ने दी। अंतिम संस्कार में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, भाजपा के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, प्रदीप वर्मा, आदित्य साहू, आजसू प्रमुख सुदेश महतो, विधायक तिवारी महतो, देवशरण भगत, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री संजय यादव, मंत्री योगेंद्र महतो, कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, रामगढ़ विधायक ममता देवी, डुमरी विधायक जयराम महतो, अजय नाथ शाहदेव, भाजपा नेता राजकुमार महतो, स्वामी देवेंद्र प्रकाश, सोनू तिवारी, रितेश तिवारी, कमलेश राम, पूर्व विधायक समरी लाल, चंद्रदीप कुमार, अमित यादव, विक्रम महतो, तरुण वर्मा, झामुमो के केंद्रीय महासचिव बिनोद पांडेय, समनुर मंसूरी, कांग्रेस नेता मदन कुमार महतो, महेश कुमार मनीष, आजसू नेता हकीम अंसारी, मोजिबुल अंसारी, उपप्रमुख अंजय बैठा आदि अंतिम संस्कार में शामिल हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने एक स्वर में अनिल महतो टाइगर को मृदभाषी, सरल स्वभाव के धनी और सामाजिक कार्यकर्ता बताया। कहा कि इनके निधन से भाजपा सहित कांके क्षेत्र के लोग काफी दुखी है। दूसरी ओर, भाजपा, आजसू, जेएलकेएम और कुर्मी संगठन द्वारा बुलाए गए रांची बंद का कांके क्षेत्र में व्यापक असर देखने को मिला। कांके चौक, बकरू, ब्लॉक चौक, नगड़ी, पिठौरिया, रिंग रोड, बोड़या चौक, गांधीनगर, कांके रोड सहित सभी जगह क्षेत्र की दुकानें बंद रही। यातायात पूरी तरह से बाधित रहा। किसी तरह के वाहन नहीं चलें। बंद समर्थकों ने जगह-जगह पर बांस-बल्ली से बंदी कर और टायर जलाकर सड़क मार्ग को अवरोध कर रखा था। इस दौरान क्षेत्र के चौक-चौराहा पर पुलिस बल की भारी तैनाती देखने को मिली। बंद के दौरान किसी तरह की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है। हालांकि आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



## ईद, सरहुल और राम नवमी को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)। ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर ओरमांझी थाना में गुरुवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व सांसद राम टहल चौधरी और संचालन पूर्व उप प्रमुख लालू उर्फ जय गोविंद साहू ने किया। बैठक में आए लोगों ने त्योहारों को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर सीओ उज्जवल सोरेन, बीडीओ कामेश्वर बेदिया, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, सत्य नारायण तिवारी, दुर्गा शंकर साहू, रमेश उरांव, जिप सदस्य सरिता देवी, पंसस ललिता देवी, मुखिया दीपक बड़ाइक आदि थे।**

## सरकारी कानून पड़हा व्यवस्था पर लागू नहीं होगा: पूनाई उरांव

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बीआरसी मैदान के पीछे पढ़हा व्यवस्था के तहत प्रकृति पर्व सरहुल मिलन समारोह का आयोजन बंधु उरांव की अध्यक्षता में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाराजा बहान मुंडा के अलावा 11 पढ़ाहा राजा लहंगु मुंडा शामिल हुए, जिन्हें सराई फूल और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। इस सरहुल मिलन समारोह में डीजे और नगाड़ा के साथ नाचते गाते सापुकेरा बाजार टॉड से भगवान बिरसा मुंडा को सरई फूल और पगड़ी भेंट किया। उसके उपरांत सभी नाचते हुए बीआरसी के पीछे मैदान में पहान और पुजार को सरना गमछा और सरई फुल भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य वक्ता पुनाई उरांव ने कहा कि हमलोग आजाद होकर भी गुलाम है। कहा कि पड़हा व्यवस्था से हमारा आदिवासी समाज चलेगा। सरकारी कानून पढ़ाहा व्यवस्था पर लागू नहीं होता है। पढ़हा सरहुल मिलन समारोह से संयोजक करमचंद भगत, अनिल भगत, रंथू भगत, गंगी उराइन, एडमिन बारला, सुखु मुंडा, जलेश्वर भगत के अलावे अन्य सरना धर्मावलंबियों ने मुख्य भूमिका निभाई। इस मौके पर अध्यक्ष बंधु उरांव, सचिव पुनई उरांव, कोषाध्यक्ष सुरेश उरांव ने सभी लोगो को दी।

# अनगड़ा में किशोर के अपहरण का प्रयास

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के पैना पहाड़ के समीप कंदागढ़ा बेती से 13 साल के किशोर अमृत लोहरा का अपहरण करने का प्रयास किया गया। वह रा उत्क्रमित मध्य विद्यालय ओबर में सातवीं कक्षा का छात्र है। घटना गुरुवार की सुबह सात बजे की है। अमृत लोहरा ने बताया कि वह अपने घर से 150 मीटर दूर हाथ-मुंह धोने गयी थी तभी एक मारुती वैन आया। उसमें एक नकाब पोश आदमी उतर कर पकड़ लिया। जब उसने छुड़ाने का प्रयस किया तो दूसरे आदमी ने पकड़ लिया. इसी बीच तीसरा आदमी आकर मुंह पर रुमाल रख दिया। उसके बाद से उसे कुछ पता नहीं चला। लड़का के पिता भादो लोहरा का कहना है कि बोटा को जब स्कूल जाने का समय होने लगा तो तलाश शुरू की। लेकिन कहीं पता नहीं चला। वे लोग बेटा को गाड़ी में भरकर बेती से जोन्हा की ओर निकले और एक लड़की को नशीली दवा देकर सुला रखा था। जोन्हा रोड में जब लड़की को होश आया तो गाड़ी का दरवाजा खोलने का प्रयास कर रही थी । ये सब पिछे से जार ही हाइवा ड्राइवर ने देख लिया और सिंगा सरई अनगड़ा के पास उस वैन को ओवरटेक कर अपहरणकर्ताओं के चंगुल से लड़की और लड़का को छुड़ा लिया। उसके बाद बेटा के पास जो मोबाइल था उसे फोन किया। बेटा के पास करीब एक बजे पहुंचे और अपने साथ घर ले आये। आनन फान में उसकी जानकारी थाने में नहीं दे पाये।

# श्यामा देवी उच्च विद्यालय और राजकीय मध्य विद्यालय में तोड़फोड़, लाखों रुपये का नुकसान

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी थाना क्षेत्र के दलादिली टीओपी क्षेत्र के लालगुटवा स्थित श्यामा देवी उच्च विद्यालय एवं राजकीय मध्य विद्यालय में बुधवार रात चोरों ने जमकर तोड़फोड़ की। चोरों ने गेट का दरवाजा तोड़कर दोनों विद्यालय के 18 कमरों का ताला तोड़ा। उसके बाद कक्षा रूप में भी तोड़पोड़ की। स्कूल के स्मार्ट क्लास का प्रोजेक्टर और 11 कंप्यूटर को भी तोड़ दिया। यही नहीं, विद्यालय में लगे 10 सीसीटीवी कैमरे को भी तोड़ दिया। प्रिंसिपल कक्ष में रखे दो अलमारी को भी तोड़ कर वहां रखे कागजातों को इधर-उधर फेंक दिया गया। स्कूल में लगे पंखों और वायरिंग को भी नुकसान पहुंचाया। इससे लाखों रुपये का नुकसान का अनुमान है। गुरुवार की सुबह आठ बजे जब स्कूल की रसोईया दमयंती देवी विद्यालय पहुंची तो कमरों का ताला टूटा देख हेडमास्टर अनिल राय को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे अनिल राय ने सूचना दलादिली टीओपी को दी। वहां से पहुंची पुलिस ने स्कूल की जांच की।

## अनगड़ा में आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाने का निर्णय

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रामनवमी, सरहुल और ईद के मद्देनजर गुरुवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी हीरालाल साह ने किया। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने नाबालिग बच्चों को बाईक नहीं देने की अपील की। कहा कि सोशल मीडिया में आपसी सौहार्द बिगाड़ने और अफवाहें फैलानेवाले जेल जायेंगे। अनगड़ा के लोग सभी धर्मों के पर्व को हमेशा आपसी सौहार्द, समन्वय और भाईचारे के साथ मनाते आए हैं और इसे आगे भी कायम रखेंगे। उन्होंने प्रशासन की ओर से जारी गाइडलाइन के तहत ही पर्व मनाने की अपील की। संचालन एतवा उरांव ने किया। मौके पर बीडीओ जयपाल सोय, इंस्पेक्टर हंसे उरांव, प्रमुख दीपा उरांव, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार, मुस्तफा अंसारी, सुरेंद्र महतो, रामसाय मुंडा, नीलकंठ चौधरी, रामपोदो महतो, विरेंद्र सिंह भोगता, मुखिया सरीता तिर्की, रोशनलाल मुंडा, रामकृष्ण चौधरी, दूर्गा पाहन, मधुसूदन मुंडा, राजेन्द्र महतो, लोकनाथ पाहन, ज्योतिष महतो, मुमताज खान, शहनवाज खान, जगेश्वर महतो, अघनु महतो, सुनील महतो, अजय भोगता, अब्दुल इमाम अंसारी, हिमांशु शेखर चौधरी, अर्जुन राम, धनीराम महतो, राजू महतो, शिवदास गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

## रेलवे लाइन से अधेड़ का शव बरामद

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा पुलिस ने थाना क्षेत्र के जोन्हा जीदू के पास रेलवे लाईन से 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। पुलिस ने आशंका व्यक्त की है कि रांची-मुरी रेलवे लाईन में संभवत किसी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है।

